छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

खेल-कूद प्रकोष्ठ

अधि. प्रवीण जैन
प्रदेश अध्यक्ष

कार्यालय :
- राजीव भवन, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन. 0771-2236793/4/5
- 36, सुभाष स्टेडियम, मोतीबाग, रायपुर
फोन 7771001701, 9329484701

क्रमांक .... दिनांक 26-2-2022

सेवा में,

माननीय श्री मोहन मरकाम जी,
प्रदेश अध्यक्ष,
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी,
रायपुर (छत्तीसगढ़)

विषयः छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा हमारे आयोजन झीरमघाटी शहीद स्मृति ''छत्तीसगढ़ टी–20 कप'' प्रतियोगिता में लगातार व्यवधान उत्पन्न करने की जानकारी बाबत् ।

मान्यवर,

विषयान्तर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियाँ खिलाड़ियों को पेशेवर खेलों में बड़ा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हमारे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर, भिलाई एवं बिलासपुर में 27 फरवरी से 13 मार्च के मध्य कराई जा रही है, जिसकी 2 वर्षों से तैयारी चल रही थीं। इस संबंध में हमारे द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से आवश्यक सहयोग हेतु अनेकों आवेदन प्रस्तुत किए गए किन्तु उन्होंने इस पर सहयोग करने की जगह लगातार व्यवधान उत्पन्न किया गया। उन्होंने सबसे पहले प्रदेश भर के सैकड़ों खिलाड़ियों पर दबाव बनाकर प्रतियोगिता से हटाया, उसके बाद भी जब वे प्रतियोगिता रोक नहीं पाए तो अब गिरी हुई हरकतें कर रहे हैं, क्रिकेट संघ द्वारा अब हमारे तीनों मैदान में नियुक्त किए गए, अंपायरों, स्कोरर्स, पिच क्यूरेटर इत्यादि आफिशियल्स पर दबाव बनाकर उन्हें प्रतियोगिता के एक दिन पूर्व हटवा दिए और अन्य सभी तकनीकी कर्मचारियों को भी मना कर दिए हैं जिससे प्रतियोगिता संचालित करने में काफी परेशानी हो रही है। क्रिकेट संघ के इस बर्ताव की जानकारी हमारे द्वारा लगातार लिखित रूप से माननीय मुख्यमंत्री जी सहित सभी केबिनेट मंत्री व संगइन को हमारे द्वारा पूर्व में कई बार दी गई है। पहले हमारे पास इस बात को साबित करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं थे किन्तु अब हमारे पासा इस बात के पुख्ता प्रमाण उपलब्ध हैं।

महोदय इस प्रतियोगिता में बस्तर से लेकर सरगुजा तक के खिलाड़ी अपने उज्जवल भविष्य को लेकर हमें आशा भरी नजर से देख रहे हैं और उनमें यह उम्मीद जगी है कि कोई तो छत्तीसगढ़ियाँ खिलाड़ियों को इतने लंबे अर्से बाद सुध ले रहा है।

अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि खेल और खिलाड़ियों के हित में हमारा मार्गदर्शन कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने की महती कृपा करेंगे।

धन्यवाद,

भवदीय

अधि. प्रवीण जैन
प्रदेश अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी
(खेलकूद प्रकोष्ठ)
मो.नं. 9406133701